भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3723

(दिनांक 21.12.2021 को उत्तर देने के लिए)

गाँव स्तर पर नागरिकों को सूचना

3723. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:
श्री दुर्गा दास उइके:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास ग्राम स्तर पर नागरिकों को सूचना उपलब्ध कराने और प्रसारण को लोकप्रिय बनाना सुनिश्चित करने के लिए कोई कार्य-योजना है;

(ख) सरकार की कल्याण योजनाओं को ग्राम स्तर पर लोगों तक पहुँचाने के लिए सरकार द्वारा की गई व्यवस्था का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसे कब तक बनाए जाने की संभावना है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट वेबसाइट, बाह्य प्रचार, लाइव आर्ट्स और इंटरपर्सनल मीडिया जैसे विभिन्न मीडिया साधनों का उपयोग करके पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो (बीओसी), दूरदर्शन और आकाशवाणी जैसे विभिन्न मीडिया यूनिटों के माध्यम से सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, पहलों और उपलब्धियों के संबंध में अंग्रेजी और विभिन्न भारतीय भाषाओं में सूचनाओं का प्रसार करता है। पाक्षिक प्रकाशन, न्यू इंडिया समाचार के मुद्रण और वितरण के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक संचार भी भारत सरकार की चालू और नए कार्यक्रमों तथा नीतियों के बारे में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सूचित करने का एक माध्यम है। न्यू इंडिया समाचार का ई-संस्करण माईगॉव इंडिया के ई संपर्क प्लेटफार्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से 13 भाषाओं में लगभग 6.50 करोड़ पाठकों को फ्लिप बुक के साथ-साथ पीडीएफ प्रारूप में भेजा जा रहा है।

******